तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या :– 136 / 2024 रणधीर सिंह बनाम रणवीर सिंह वगै0 प्रार्थना पत्र अ. धा. 111, 128 राज. भू राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19/12/24	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील प्रार्थी श्री विजय सिंह बोराण उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि राजस्व ग्राम बड़ागांव पटवार हल्का बड़ागांव तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 846 रकबा 0.13 है0 व भूमि खसरा नं. 1205 / 847 रकबा 0.20 है0, खसरा नं. 1206 / 847 रकबा 0.0783 है0 कुल किता 2 का कुल रकबा 0.2783 है0 भूमि अवस्थित है जो प्रार्थी की खातेदारी भूमि है। इसी प्रकार राजस्व ग्राम बड़ागांव पटवार हल्का बड़ागांव के हाल भूमि खसरा नं. 1231 / 1102 रकबा 0.0310 है0 ख. नं. 1234 / 1232 रकबा 0.0160 है0 किता 2 का कुल रकबा 0.0470 है0 अनावेदक संख्या 2 की खातेदारी भूमि है। अनावेदक 5 लगाायत 7 ने भूमि जरिये विक्रय पत्र क्रय की है। इसके अलावा भूमि खसरा नं. 845 रकबा 0.25 है0 अनावेदक संख्या 3 व 4 ने जरिये विक्रय पत्र क्रय की है। अनावेदक 1 लगायत 7 की भूमि आवेदक की भूमि से सीमा लगती है। आवेदक ने अपने भूमि खसरा नं. 846 का तहसीलदार गुढागौड़जी के आदेश क्रमांक 54 दिनांक 21.06.2024 की पालना में दिनांक 02.07.2024 को पटवारी हल्का बड़ागांव से सीमाज्ञान करवाया है जिससे प्रार्थी पूर्णतया संतुष्ट है। उक्त भूमि की सीमा चिन्ह के अनुसार प्रार्थी पत्थरगडी करवाना चाहता है। सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार पत्थरगड़ी करवाने में प्रार्थी को कोई आपति नहीं है। बहस पत्रावली पर सुना जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। संलग्न राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी के अनुसार ग्राम बड़ागांव पटवार हल्का बड़ागांव तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 846 रकबा 0.13 है0 अवस्थित है जो मुताबिक जमाबंदी प्रार्थी की खातेदारी भूमि दर्ज रिकॉर्ड होना साबित है। प्रार्थी उक्त भूमि का सीमाज्ञान संलग्न रिपोर्ट दिनांक 02.07.2024 के अनुसार ही पत्थरगडी करवाना चाहता है। चूंकि प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि पर सीमा चिन्ह कायम करवाने की अधिकारी है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना न्यायोचित है। लिहाजा :– –: आदेश :– प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार गुढागौड़जी को आदेशित किया जाता है कि ग्राम बड़ागांव पटवार हल्का बड़ागांव तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनूं की सरहद में हाल भूमि खसरा नं. 846 रकबा 0.13 है0 भूमि के चारों ओर मुताबिक सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 02.07.2024 के अनुसार पक्षकारान की उपस्थिति में कब्जा काश्त का कोई विवाद नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार पत्थरगड़ी करवायें। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 19/12/24 को खुले इजलास सुनाया गया। 19/12/24 (हवाई सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं	